## गुलमोहर हाई स्कूल . स्मार्ट डिजिटल सिटीजनशिप प्रोग्राम लॉन्च, कहा

# क्लिक करने से पहले सोचें विद्यार्थी

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**

भविष्य की चुनौतियों और इंटरनेट की जटिलताओं को देखते हुए गुलमोहर हाई स्कूल ने स्मार्ट डिजिटल सिटीजनशिप प्रोग्राम लॉन्च किया. टाटा एजुकेशन एक्सीलेंस प्रोग्राम के सहयोग से आयोजित स्मार्ट डिजिटल सिटीजनशिप प्रोग्राम के जरिये विद्यार्थियों को केवल तकनीक का उपयोगकर्ता बनाना ही नहीं, बल्कि उन्हें एक जागरूक, सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक के रूप में तैयार करने का लक्ष्य तय किया गया. मंगलवार से इसकी शुरुआत की गयी. जिसमें शहर के 17 विभिन्न स्कूलों (16 अंग्रेजी माध्यम और 1 हिंदी माध्यम) के 85 छात्र और 17 शिक्षकों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता इसका पीयर-टू-पीयर मॉडल रहा. शिक्षक विपुल कुमार और सुमित सेन के मार्गदर्शन में अक्षत सरकार, सहर्ष कुमार, अमृत कुमार सिंह, आराध्य अभिज्ञान, आदर्श कुमार और आरुष की टीम ने सत्र को अत्यंत रोचक बनाया. स्मार्ट डिजिटल सिटीजनशिप प्रोग्राम की सफलता और इसकी प्रासंगिकता को देखते हुए, अब इसे टीप से जुड़े शहर के बाहर के स्कूलों के लिए ऑनलाइन भी आयोजित किया जाएगा.


स्मार्ट डिजिटल सिटीजनशिप प्रोग्राम लॉन्च करने के दौरान उपस्थित अतिथि.

### डिजिटल रूप से बुद्धिमान बनें छात्र-छात्राएं : सिन्हा

गुलमोहर हाई स्कूल की प्रिंसिपल प्रीति सिन्हा ने कहा कि आज के दौर में केवल डिजिटल रूप से कुशल होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि डिजिटल रूप से बुद्धिमान होना जरूरी है. यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को क्लिक करने से पहले सोचने और विश्वास करने से पहले सवाल करने की शक्ति देता है.

## क्विक बाइट्स

### छोटागोविंदपुरः विवेक विद्यालय के 3 विद्यार्थी सिल्वरजोन ओलिंपियाड में बने स्टेट टॉपर



**जमशेदपुर .** छोटा गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय के विद्यार्थियों ने सिल्वरजोन फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर की सिल्वरजोन ओलिंपियाड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है. विद्यार्थियों ने कंप्यूटर, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है. कंप्यूटर विषय में विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने राज्य टॉपर बनकर विशेष उपलब्धि प्राप्त की, जिनमें से एक विद्यार्थी ने स्वर्ण पदक तथा दूसरे ने रजत पदक हासिल किया. वहीं, अंग्रेजी विषय में एक विद्यार्थी को राज्य टॉपर घोषित किया गया, जिसने रजत पदक प्राप्त किया. इस ओलिंपियाड में विद्यालय के विद्यार्थियों ने कुल 22 स्वर्ण पदक, 22 रजत पदक तथा 13 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया.

### शास्त्रा व टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के बीच समझौता

**जमशेदपुर .** तंजावुर स्थित शास्त्रा डीम्ड यूनिवर्सिटी और हैदराबाद स्थित टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स ने क्षमता निर्माण, अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है. यह समझौता शास्त्रा के 25वें विश्वविद्यालय दिवस समारोह के दौरान संपन्न हुआ, जिसमें कार्यकारी निदेशक मसूद हुसैनी अतिथि के रूप में शामिल हुए. उन्होंने शास्त्रा के साथ दीर्घकालिक संबंधों की प्रतिबद्धता जतायी और विश्वविद्यालय की निरंतर वृद्धि और क्षमता निर्माण गतिविधियों की सराहना की. समारोह में उपस्थित आयकर आयुक्त जे. प्रेमानंद ने शास्त्रा के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की और छात्रों से रचनात्मक समस्या-समाधान के माध्यम से सामाजिक चुनौतियों को संबोधित करने का आग्रह किया. कुलपति डॉ एस वैद्यसुब्रमण्यम ने वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि इस शैक्षणिक वर्ष में विश्वविद्यालय ने 120 करोड़ रुपये के अनुसंधान और परामर्श प्रोजेक्ट प्राप्त किये हैं. इसके अतिरिक्त, 1,200 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हुए, 247 कंपनियों द्वारा 3,900 से अधिक रोजगार प्रस्ताव दिये गये और 160 करोड़ रुपये का बुनियादी ढांचा विकास किया गया.



## मिथिला के पारंपरिक गीतों के बीच सीता-राम का विवाह


न्यू केबल टाउन में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में उपस्थित विधायक सरयू राय व अन्य.

**जमशेदपुर.** न्यू केबल टाउन में नौ दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के छठे दिन मंगलवार को वृंदावनधाम के कथावाचक हिमांशु महाराज ने सीता-राम विवाह प्रसंग का वर्णन किया. इसके बाद मिथिला के पारंपरिक गीतों और मंगल उद्घोष के बीच सीता-राम का विवाह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ. साथ ही वाराणसी के ही कथावाचक डॉ मनोज मिश्रा दाऊजी, बक्सर के टुनटुन बाबा उर्फ हलचल बाबा ने भी प्रवचन दिया. कथा में गौरी शंकर प्रसंग का भी वर्णन किया गया. कथावाचकों ने श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार और सदाचार के पथ पर चलने का संदेश दिया.

**हुआ हवन अनुष्ठान :** इससे पहले सुबह पंचकुंडीय यज्ञशाला में वाराणसी के यज्ञाचार्य पंडित लाल मोहन शास्त्री के नेतृत्व में 21 आचार्यों ने अनुष्ठान संपन्न कराया. इस दौरान महिला श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा लगायी. महायज्ञ में विधायक सरयू राय, आजसू नेता चंद्रगुप्त सिंह, भाजपा नेता राजन सिंह, बबुआ सिंह, शंभु सिंह, आरके सिंह, अरुण सिंह, राजेश सिंह बम, महावीर मुर्मू व अन्य शामिल हुए. मुख्य संयोजक अनिल ठाकुर, संयोजक शिवशंकर सिंह, बिपिन झा, बिट्टू तिवारी, जम्मू वाले बाबा, नीरज सिंह, शैलेश पांडेय, संजय सिंह आदि का योगदान रहा.

### तारापोर स्कूल में साइबर सुरक्षा सत्र का आयोजन



**जमशेदपुर .** तारापोर स्कूल द्वारा साइबर पीस कॉर्प्स के सहयोग से ऑनलाइन खतरों की पहचान और प्रबंधन विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विशेषज्ञ (रोहित राज, तारक दास, अमित अभिषेक और रूपेश कुमार कोठारी) ने छात्रों को साइबर बुलिंग, डेटा ब्रीच, वित्तीय धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट जैसे गंभीर विषयों के प्रति जागरूक किया. स्कूल की प्रिंसिपल इशिता डे ने छात्रों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि हमारे साथ ऐसा कभी नहीं होगा वाली मानसिकता सबसे घातक साबित हो सकती है.

## नारायणा एजुकेशनल के 6 राज्यों में खुलेंगे 38 नये कैंपस

**जमशेदपुर .** नारायणा एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ने शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए 200 करोड़ के राष्ट्रव्यापी विस्तार की घोषणा की है. इस रणनीतिक पहल के तहत आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश में 38 नये कैंपस खोले जायेंगे.

विस्तार योजना में 26 स्कूल, 9 जूनियर कॉलेज और 3 कोचिंग सेंटर शामिल हैं, जिससे देश भर में संस्थान के कुल कैंपस की संख्या बढ़कर 952 हो जायेगी. आंध्र प्रदेश में सबसे अधिक 15 नये कैंपस खुलेंगे, जबकि तेलंगाना में 10, महाराष्ट्र में 5, गुजरात और तमिलनाडु में 3-3 और मध्य प्रदेश में 2 नये कैंपस शुरू किये जायेंगे. नारायण ग्रुप के अध्यक्ष पुनीत कोठपा ने कहा कि उनका दृष्टिकोण देश के हर जिले में कैंपस स्थापित करना है ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी के लिए सुलभ हो सके. 47 वर्षों की विरासत वाला यह संस्थान वर्तमान में 23 राज्यों में 6 लाख से अधिक छात्रों को इंजीनियरिंग, मेडिकल और सीए जैसी परीक्षाओं के लिए तैयार कर रहा है.

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा की रद्दगी**

मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर द्वारा पूर्व प्रकाशित **ई-निविदा संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-07 एवं एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-08, दिनांक: 10.04.2026।** उपर्युक्त निविदाओं को एतदद्वारा **रद्द** माना जाए। (PR-96C)

### आंध्रा मिडिल में स्कूल वार्षिक समारोह आयोजित

**जमशेदपुर .** मंगलवार को आंध्रा एसोसिएशन मिडिल स्कूल कदमा में वार्षिक पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि ब्लॉक एजुकेशन एक्सटेंशन ऑफिसर तेजेंद्र कौर उपस्थित थी. कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई. शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया. ऑल राउंड बेस्ट ब्वॉय का पुरस्कार हेमंत ठाकुर तथा ऑल राउंड बेस्ट गर्ल का पुरस्कार नेमा को प्रदान किया गया. प्रिंसिपल विनय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया.

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI

**बैंक ऑफ इंडिया, आस्ति वसूली विभाग (एआरडी)**
जमशेदपुर क्षेत्र, द्वितीय तल, बैंक ऑफ इंडिया बिल्डिंग, मेन रोड
बिष्टुपुर, जमशेदपुर - 831001
ई-मेल : ARD.Jamshedpur@bankofindia.bank.in

**बैंक के पक्ष में जब्त वाहनों की बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना**

जन साधारण को सामान्यत: एवं ऋणियों और जमानतदारों को विशेष तौर पर सूचना दी जाती है कि बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जब्त किये गये वाहनों की बिक्री सार्वजनिक नीलामी द्वारा **" जहाँ है, जिस हालत में है और जो है के आधार पर "** निम्नवर्णित ऋणियों और जमानतदारों से बैंक ऑफ इंडिया के बकाया राशि की वसूली हेतु **दिनांक 26.05.2026** को होगी। आरक्षित मूल्य और ईएमडी राशि का विवरण नीचे तालिका में है।

| शाखा का नाम | ऋणकर्ता का नाम | वाहनों का विवरण | | | आरक्षित मूल्य (रूपये में) | अग्रधन जमा राशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | रजि. नं. | मॉडल | वर्ष | | |
| सर्किट हाऊस शाखा | मेसर्स हरे कृष्णा इंजिनियरिंग | JH05DW-2052 | Ashok Leyland Dost RLS, Commercial | JUNE 2024 | 6,00,000/- | 60,000/- |

नीलामी ऑनलाइन पोर्टल www.baanknet.in के माध्यम से होगी। बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, www.baanknet.in बोलीदाता पंजीकरण विकल्प पर जाएँ।

**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 25.05.2026 शाम 04:00 बजे तक।**
**ई-नीलामी की तिथि और समय : 26.05.2026 सुबह 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ**
**वाहनों के निरीक्षण की तिथि और समय : 25.05.2025 सुबह 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक (प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें)**
अधिक जानाकरी के लिए संपर्क करें: **श्री बिमल कुमार, मोबाईल नंबर 7903369522 (मुख्य प्रबंधक, सर्किट हाऊस शाखा)**
या **श्री बिमल प्रसाद सिंह (मुख्य प्रबंधक ARD जमशेदपुर) - मोबाईल नंबर 8451805554.**
**बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए कृपया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.bankofindia.bank.in पर दिए गए लिंक का संदर्भ लें.**

दिनांक : 24.04.2026, स्थान : जमशेदपुर | **नोट: त्रुटि / विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।** | ह०/- प्राधिकृत अधिकारी

**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, मुंगेर**
(मद्यनिषेध-शाखा)

बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित 2018, 2022 एवं 2023) के अन्तर्गत जब्त एवं अधिहरित वाहनों को अपीलीय न्यायालय के द्वारा शास्ति/जुर्माना पर मुक्त कराने हेतु अल्पकालीन सूचना।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वैसे वाहन जिन्हें मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम-2016 की धारा-58 के तहत मद्यनिषेध विभाग एवं पुलिस थाना द्वारा जप्त किया गया। बिहार मद्यनिषेध अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित 2018, 2022 एवं 2023) के अंतर्गत जप्त निम्नांकित सारणी में अंकित वाहनों की जप्ती के 30 दिन हो चुके है एवं वाहनों को पेनाल्टी पर मुक्त कराने हेतु वाहन मालिक या अन्य कोई दावेदार विज्ञापन एवं डाक द्वारा नोटिस के उपरांत भी उपस्थित नही हुए है। तद्प्श्चात समाहर्त्ता-सह-जिला दण्डाधिकारी, मुंगेर द्वारा सूची में अंकित वाहनों को शराब परिवहन में जप्त एवं अधिहरित/राज्यसात किया गया है, जो कि अधिहरण के पश्चात नीलामी की प्रक्रिया के अन्तर्गत है। इनमें से ज्ञात वाहनों के स्वामी (वाहन मालिकों) को डाक द्वारा व्यक्तिगत नोटिस भी भेजी जा चुकी हैं। जिन वाहनों के स्वामित्व का पता नही चल सका है वैसे वाहनों का वाद अज्ञात के विरूद्ध संचालित किया गया है।

बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के प्रावधानों के तहत **आप स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपीलीय न्यायालय (माननीय आयुक्त उत्पाद, के न्यायालयं) में अधिहरण आदेश के विरूद्ध अपील कर सकते हैं।** इस हेतु सभी वाहन स्वामी इस नोटिस के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर **अपीलीय न्यायालय में अपना पक्ष रख सकते हैं।** 15 दिनों के अन्दर वाहन स्वामी के द्वारा अपीलीय न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष नही रखने/ससमय सूचित नही करने की स्थिति में आपका वाहन नीलामी की प्रक्रिया में भेज कर नीलाम कर दिया जायेगा, जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगे।

**यदि कोई वाहन स्वामी वाहन को शास्ति पर मुक्त कराने हेतू इच्छुक है तो वे अपना आवेदन अधिहरण आदेश के विरूद्ध अपीलीय न्यायालय (माननीय आयुक्त उत्पाद, के न्यायालय में) में समर्पित कर सकते है साथ ही इसकी सूचना तत्काल कार्यालय सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, मुंगेर (मो0- +91 9473400626, Email Id :- munger-excise@nic.in) में अथवा कार्यालय समाहर्त्ता, मुंगेर में समर्पित करेंगें।**

वाहनों का विवरण निम्न तालिका में अंकित है:-

| क्र0 सं0 | उत्पाद अधिहरण वाद सं0 | थाना का नाम | थाना कांड सं0 एवं दिनांक | गाड़ी का नाम | गाड़ी का रजिस्ट्रेशन | इंजन नम्बर | चेचिस नम्बर | वाहन स्वामी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 51/2026 | तारापुर | 168/2025 | MARUTI SUZUKI FRONX SIGMA FOUR WHEELER | JH16K-4133 | K12NP762 5092 | MBHKWD13S SB484378 | अमन कुमार सिंह, पे0-प्रदीप कुमार सिंह, सा0-महवादगा, पो0- पाकुड़, थाना-पाकुड, जिला- पाकुड, पिन कोड -816107 राज्य -झारखंड |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 001977 ( Excise ) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

समाहर्त्ता-सह-जिला दण्डाधिकारी, मुंगेर।



KOTHARI®
FREEDOM

VEST | TSHIRT | BRIEF | BOXER | BERMUDA | TRACK PANT

**Kothari Hosiery Factory Private Limited**
29, Strand Road, Mohta House 2nd Floor, Kolkata 700001
P 84208 26999, www.kotharihosiery.com